हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर, उ0प्र0

पृष्ठ सं0 ...........

# टिप्पणी एवं आदेश

अनुभाग / विभाग......शैक्षिक अनुभाग ...... पत्रावली सं0 ..................

---

<u>मा0 कुलपति महोदय</u>

कृपया विश्वविद्यालय की दिनांक 18.07.2024 को सम्पन्न विद्या परिषद् की 20वीं बैठक का कार्यवृत्त पत्रावली के दायीं ओर संलग्न कर आपके अवलोकन एवं अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है।

18/07/2024

(प्रो0 ललित कुमार सिंह)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप

Approved
DCAA)

18/7/2024

**हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर के विद्या परिषद् की दिनांक 18.07.2024 दिन गुरूवार को सम्पन्न 20वीं बैठक का कार्यवृत्त।**

विद्या परिषद् की सम्पन्न 20वीं बैठक में निम्नवत् सदस्यगण ऑफलाइन/ऑनलाइन वीडियो कान्फ्रेन्सिंग द्वारा उपस्थित हुयेः

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 समशेर, कुलपति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | विशेष सचिव, श्री अन्नावि दिनेशकुमार, प्रतिनिधि प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ। | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 3. | प्रो0 जे0 रामकुमार, आई0आई0टी0, कानपुर। | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 4. | प्रो0 आर0एस0 यादव, एम0एन0एन0आई0टी0, प्रयागराज। | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 5. | प्रो0 बी0आर0 गुर्जर, आई0आई0टी0, रूड़की। | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 6. | प्रो0 मनीष गोस्वामी, प्रतिनिधि निदेशक, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, प्रयागराज। | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 7. | डा0 शीना गौतम, प्रतिनिधि सह–अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ केमिकल टेक0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 8. | प्रो0 छगन लाल गेहलोत, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ बेसिक एण्ड एप्लाइड सांइस एवं विभागाध्यक्ष, रसायन विभाग एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 9. | प्रो0 रघुराज सिंह, अधिष्ठाता, शोध एवं विकास, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 10. | प्रो0 रेखा बाली, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ ह्यूमेनिटीज एण्ड सोशल सांइसेज, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 11. | प्रो0 अलक कुमार सिंह, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण एवं विभागाध्यक्ष, फूड टेक0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 12. | डा0 राजीव गांगुली, प्रतिनिधि अधिष्ठाता, उद्भवन हब, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 13. | प्रो0 दिप्तीक परमार, अधिष्ठाता, योजना एवं स्त्रोत जनन एवं विभागाध्यक्ष, सिविल इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 14. | प्रो0 वन्दना दीक्षित कौशिक, अधिष्ठाता, सतत् शिक्षा और आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 15. | प्रो0 राम नरेश त्रिपाठी, अधिष्ठाता, स्कूल आफ इन्टरप्रोन्योशिप एण्ड मैनजमेन्ट, एवं विभागाध्यक्ष, गणित विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 16. | प्रो0 आशीष कपूर, अधिष्ठाता, अंतर्राष्ट्रीय छात्र क्रियाकलाप एवं विभागाध्यक्ष, केमिकल इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 17. | प्रो0 अनीता यादव, परीक्षा नियंत्रक एवं विभागाध्यक्ष, कम्प्यूटर सांइस एण्ड इंजीनियरिंग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 18. | प्रो0 आनन्द कुमार, विभागाध्यक्ष, मैकेनिकल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 19. | प्रो0 अरूण मैथानी, विभागाध्यक्ष, पेन्ट टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |

| | | |
|---|---|---|
| 20. | प्रो0 ए0के0 संखवार, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रानिक्स इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 21. | प्रो0 पी0के0एस0 यादव, विभागाध्यक्ष, ऑयल टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 22. | प्रो0 वी0के0 यादव, विभागाध्यक्ष, मानविकी विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 23. | प्रो0 एस0के0 शर्मा, विभागाध्यक्ष, भौतिकी विभाग एवं कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 24. | प्रो0 सी0एन0 सिंह, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रिकल इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 25. | डा0 आशीष त्रिवेदी विभागाध्यक्ष, मैनेजमेन्ट स्टडीज विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 26. | श्री सुमन्त चटर्जी, विभागाध्यक्ष, लेदर टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 27. | डा0 प्रमोद कुमार शर्मा, पुस्तकालयाध्यक्ष, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 28. | डा0 दीपक कुमार, कार्यशालाधीक्षक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 29. | डा0 नवीन कुमार गुप्ता, प्रोफेसर, सेवायोजन, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 30. | डा0 राजकमल कुशवाहा, सहायक अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 31. | डा0 नन्द किशोर, सहायक अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | |
| 32. | डा0 राशी अग्रवाल, सह अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 33. | प्रो0 ललित कुमार सिंह, अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप एवं विभागाध्यक्ष, बायोकेमिकल इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य–सचिव |

**बैठक में निम्नवत् सदस्य उपस्थित नहीं हो सके :**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निदेशक भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर। | सदस्य |
| 2. | निदेशक, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, लखनऊ। | सदस्य |
| 3. | प्रो0 वन्दना सहगल, प्राचार्य / अधिष्ठाता, फैकल्टी ऑफ आर्किटेक्चर एवं प्लानिंग, लखनऊ प्रतिनिधि मा0 कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ। | सदस्य |
| 4. | प्रो0 अनिल वर्मा, आई0आई0टी0, दिल्ली। | सदस्य |
| 5. | प्रो0 विशाल वर्मा, डी0टी0यू0, दिल्ली। | सदस्य |
| 6. | प्रो0 कृष्णराज, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 7. | प्रो0 इन्दिरा निगम, विभागाध्यक्ष, प्लास्टिक टेक0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |

बैठक प्रारम्भ करते हुये मा0 कुलपति द्वारा समस्त सम्मानित सदस्यों को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय के 03 विभागों का एन0बी0ए0 नई दिल्ली द्वारा निकट पूर्व में एक्रीडिटेशन कराया गया है, जिससे वर्तमान में एक्रीडिटेड विभागों की संख्या कुल 10 हो गई है। विगत शैक्षिक सत्र 2023–24 में अध्ययनरत समस्त छात्रों को परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षिक सत्र 2024–25 हेतु छात्रों की प्रवेश प्रकिया समयबद्ध रूप में प्रारम्भ कर दी गई है। विभिन्न पाठ्यकमों के विगत

शैक्षिक सत्र 2023–24 के अन्तिम वर्ष के 583 छात्रों का सेवायोजन 115 कम्पनियों द्वारा हो चुका है। शिक्षक एवं अधिकारी भर्ती पूर्ण की जा चुकी है और चयनित अभ्यर्थियों द्वारा योगदान आख्या प्रस्तुत की जा चुकी है। विश्वविद्यालय को सी.एस.आर. सर्टिफिकेट मिल चुका है और विश्वविद्यालय का 80जी/12ए में पंजीयन हो चुका है। दो इण्डस्ट्रीज/एसोशिएसन मेसर्स जे.वी.एस. फूड्स और पैक्ट द्वारा सेन्टर आफ एक्सीलेन्स सीापित तथा पाइलट प्रोजेक्ट चलाये जाने हेतु कार्यवाही सम्पादित की जा रही है।

**मद सं0 20.01 विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् की दिनांक 13.02.2024 को सम्पन्न 19वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय की दिनांक 13.02.2024 को सम्पन्न 19वीं विद्या परिषद् की बैठक के कार्यवृत्त पर पुष्टीकरण किया।

**मद सं0 20.02 विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् की दिनांक 13.02.2024 को सम्पन्न 19वीं बैठक में लिए गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय की दिनांक 13.02.2024 को सम्पन्न 19वीं विद्या परिषद् की बैठक के कृत कार्यवाही का संज्ञान लेते हुये अनुमोदन प्रदान किया तथा मद सं0 19.05 में दोनों विभागों के विभागाध्यक्ष एवं उनके स्कूल के अधिष्ठाता को प्रकरण में बैठक कर समाधान प्रस्तुत करने के निर्देश दिये तथा अध्यक्ष, विद्या परिषद् एवं कुलपति महोदय को उक्त पर निर्णय लिये जाने हेतु अधिकृत किया।

**मद सं0 20.03 विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में शैक्षिक सत्र 2023–24 (अद्यतन) सेवायोजन की स्थिति पर विचार के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में शैक्षिक सत्र 2023–24 (अद्यतन) सेवायोजन की स्थिति पर संतोष व्यक्त करते हुये अधिकतम तथा औसत पैकेज बढ़ाने हेतु अतिरिक्त प्रयास किये जाने के निर्देश दिये।

**मद सं0 20.04 विश्वविद्यालय की 21वीं0 प्रवेश समिति की दिनांक 13.06.2024 को सम्पन्न बैठक के कार्यवृत्त के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय की 21वीं0 प्रवेश समिति की दिनांक 13.06.2024 को सम्पन्न बैठक के कार्यवृत्त को अवलोकन करते हुये अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 20.05 विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं के द्वारा मध्य में प्रवेश निरस्त कराये जाने पर काशनमनी की धनराशि को वापस किये जाने पर विचार के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं के द्वारा मध्य में प्रवेश निरस्त कराये जाने एवं अदेयता प्रमाण पत्र प्रस्तुत किये जाने के उपरान्त काशनमनी की धनराशि को वापस किये जाने पर अपना अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 20.06 विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2024–25 में प्रारम्भ हुये नवीन पाठ्यक्रम के छात्रों को अनुक्रमांक निर्गत किये जाने एवं अनुमोदित इनरोलमेन्ट टेबल संशोधनोपरान्त परिषद् के विचार/अनुमोदन किये जाने सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2024–25 में प्रारम्भ हुये नवीन पाठ्यक्रम के छात्रों को अनुक्रमांक निर्गत किये जाने एवं अनुमोदित इनरोलमेन्ट टेबल संशोधनोपरान्त परिषद् ने उक्त पर अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 20.07 विश्वविद्यालय की 19वीं विद्या परिषद् के मद सं0 19.06 के कार्यवृत्त के क्रम में विश्वविद्यालय में विदेशी/अंतर्राष्ट्रीय अभ्यर्थियों के प्रवेश लिये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय में विदेशी/अंतर्राष्ट्रीय अभ्यर्थियों के प्रवेश लिये जाने के सम्बन्ध में अधिष्ठाता, अन्तर्राष्ट्रीय छात्र क्रियाकलाप के प्रस्ताव पर अपना अनुमोदन प्रदान किया साथ ही प्रवेश की अर्हता को व्यापक स्वरूप प्रदान करने एवं प्रस्ताव में यथोचित संशोधन किये जाने पर अध्यक्ष, विद्या परिषद् एवं कुलपति महोदय को अधिकृत किया।

**मद सं0 20.08 विश्वविद्यालय के पेन्ट टेक विभाग द्वारा बी0टेक0 पाठ्यक्रम में नवीन विधा** (B.Tech. Programme in Printing Ink Technology) **प्रारम्भ किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने पेन्ट टेक0 विभाग द्वारा प्रस्तावित Printing Ink Technology पर Minor कोर्स आरम्भ किये जाने एवं उक्त के सफलतापूर्वक संचालन के उपरान्त ही बी0टेक0 पाठ्यक्रम प्रारम्भ किये जाने पर विचार करने हेतु अपना अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 20.09 विश्वविद्यालय के बी0टेक0 पाठ्यक्रम में** Minor Degree and Honours Degree **प्रभावी किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने बी0टेक0 पाठ्यक्रम में Minor Degree and Houours Degree के सम्बन्ध में विभागों द्वारा प्रस्तुत Subject Basket पर अनुमोदन प्रदान करने के साथ ही समर्थ पोर्टल की आवश्यकतानुसार नवीन कोड निर्गत किये जाने हेतु अध्यक्ष, विद्या परिषद् एवं कुलपति महोदय को अधिकृत किया।

**मद सं0 20.10 विश्वविद्यालय में पोस्ट डाक्टरल फैलोशिप प्रोग्राम प्रारम्भ किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय में पोस्ट डाक्टरल फैलोशिप प्रोग्राम में मात्र 02 सीटों पर वित्त समिति के अनुशंसा के आधार पर प्रारम्भ किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया साथ ही अधिष्ठाता, शोध एवं विकास द्वारा उक्त हेतु प्रस्तुत दिशा–निर्देश को अभातशिप, डी0एस0टी0 एवं अन्य सरकारी संस्थाओं के अनुरूप यथोचित संशोधन करने के निर्देश दिये।

**मद सं0 20.11 विश्वविद्यालय के बी0टेक0 पाठ्यक्रम के अध्यादेश को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार संशोधित प्रस्ताव के विचार के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के संशोधित बी0टेक0 पाठ्यक्रम के अध्यादेश में आंशिक संशोधन किये जाने एवं उक्त पर अनुमोदन हेतु अध्यक्ष, विद्या परिषद् एवं कुलपति महोदय को अधिकृत किया। साथ ही आगामी शैक्षिक सत्र 2025–26 से प्रभावी होने वाले बी0टेक0 अध्यादेश में बेसिक साइंस तथा मानविकी विषयों के क्रेडिट से सम्बन्धित संशोधन हेतु निम्न समिति का गठन किया:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 दिप्तीक परमार, प्रति कुलपति | संयोजक |
| 2. | प्रो0 रेखा बाली, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ हयूमिनिटीज एण्ड सोशल साइंसेज | सदस्य |
| 3. | प्रो0 ललित कुमार सिंह, अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप | सदस्य |
| 4. | प्रो0 सी0एल0 गहलोत, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ बेसिक एण्ड एप्लाइड साइंस | सदस्य–सचिव |

**मद सं0 20.12 विश्वविद्यालय के एम0टेक0 पाठ्यक्रम के अध्यादेश को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार संशोधित प्रस्ताव के विचार के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के एम0टेक0 पाठ्यक्रम के अध्यादेश पर अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 20.13 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किसी अन्य मद पर विचार।**

**मद सं0 20.13.01 विश्वविद्यालय के बी0एस0–एम0एस0 पाठ्यक्रम के अध्यादेश को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार तैयार कर विचार के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के बी0एस0–एम0एस0 पाठ्यक्रम के अध्यादेश को कतिपय संशोधनों के साथ आगामी बैठक में पुनः प्रस्तुत करने के लिये उक्त कार्य हेतु गठित समिति को निर्देशित किया।

**मद सं0 20.13.02 विश्वविद्यालय के आगामी 6वें दीक्षान्त समारोह हेतु मुख्य अतिथि नामित किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के आगामी 6वें दीक्षान्त समारोह हेतु मुख्य अतिथि के नाम निर्धारण हेतु अध्यक्ष, विद्या परिषद् एवं कुलपति महोदय को अधिकृत किया।

**मद सं0 20.13.03 विश्वविद्यालय में संचालित BBA, B.Tech. (Lateral Entry), B.Tech. in Biotechnology and B.Pharm पाठ्यक्रमों के प्रवेश के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने उपरोक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु पंजीकरण पोर्टल प्रारम्भ कर किये जाने एवं अभ्यर्थियों हेतु CUET (UG) 2024 के साथ ही University Entrance Test का विकल्प भी प्रस्तुत किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 20.13.04 विश्वविद्यालय में संचालित M.Sc Chemistry (Chemical Science) के कोर्स विन्यास एवं मूल्यांकन पद्धति के अनुमोदन के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय में संचालित M.Sc Chemistry (Chemical Science) के कोर्स विन्यास एवं मूल्यांकन पद्धति को विभागीय अध्ययन बोर्ड की संस्तुति के अनुसार अनुमोदन प्रदान किया।

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई।

18/07/2024

(डा0 ललित कुमार सिंह)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया–कलाप
एवं
सदस्य–सचिव, विद्या परिषद्